Need to operationalise the declared trains on Forbesganj - Narpatganj railway section - laid

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): मेरे संसदीय क्षेत्र के फारबिसगंज से नरपतगंज होते हुए सहरसा के बीच अमान परिवर्तन को लेकर विगत 15 सालों से तथा 1934 के भूकंप से ध्वस्त हो चुके दरभंगा की रेल सेवा पिछले 88 वर्षों से बंद है। अब जबकि यह दोनों रेलखंड फारबिसगंज से ट्रेनों के परिचालन के लिए पूरी तरह तैयार है, फारबिसगंज से इसकी कनेक्टिविटी भी कर दी गई है। 11 जनवरी को मुख्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण करके अनापत्ति प्रमाण पत्र भी दे दिया गया है तथा पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार एवं पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल द्वाराकहा गया हैकी ट्रेन परिचालन को लेकर हम लोगों के यहां से कोई भी तकनीकी समस्या नहीं है। आज से 4 महीने पूर्व इ सी रेलवे द्वाराजोगबनी से फारबिसगंज होकर दानापुर एवं सहरसा के लिए 2 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों तथा दरभंगा एवं सहरसा से 2 जोड़ी ट्रेनों कोफारबिसगंज तक विस्तारित करते हुए इसकी समय सारणी भी जारी कर दी है। फिर ऐसे में इस रेलखंड पर यात्री ट्रेनों का अब तक परिचालन शुरू नहीं किया जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसकी वजह से लोगसड़क मार्ग से यात्रा करने को मजबूर हैं। माननीय रेल मंत्री से अनुरोध है कि इस रेलखंड पर घोषित ट्रेनों के परिचालन को शुरू करें।